भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या : 911

दिनांक 27 जून , 2019 / 6 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

अलवर में विमानपत्तन का निर्माण

911. **श्री बालक नाथ:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान विशेषकर अलवर जिले में विमानपत्तन का निर्माण करने का कोई विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ख) इस संबंध में अब तक कितनी प्रगति हुई है और इसका निर्माण कब तक होने की संभावना है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) और (ख): भारत सरकार, नागर विमानन मंत्रालय ने राजस्थान के अलवर जिले में भिवाड़ी के निकट सार्वजनिक प्रयोग के लिए एक ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे का निर्माण करने के लिए दिनांक 18.11.2015 को दिल्ली मुंबई इंडस्ट्रीयल कॉरीडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएमआईसीडीसी) को 'साइट क्लियरेंस' अनुमोदन प्रदान किया है। तथापि, किसी भी नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के लिए दो स्तर की अनापत्ति (क्लियरेंस) अर्थात 'साइट क्लियरेंस' और 'सिद्धांत रूप में' अनुमोदन अपेक्षित होती है। भिवाड़ी में प्रस्तावित हवाईअड्डे के मामले में, साइट क्लियरेंस प्रदान किया जा चुका है और आगे की गतिविधियां 'सिद्धांत रूप में' अनुमोदन हेतु आवेदन के साथ-साथ विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) और हवाईअड्डा परियोजना से संबंधित अन्य सूचना जैसे आर्थिक व्यवहार्यता, वित्तीय क्लोजर आदि प्रस्तुत किए जाने पर निर्भर करेगा। डीएमआईसीडीसी ने सूचित किया है कि भिवाड़ी में प्रस्तावित ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे के लिए डीपीआर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा तैयार की जा चुकी है और इसके बाद राज्य सरकार को अभी भूमि की अधिसूचित करनी है और हवाईअड्डा परियोजना के लिए भूमि के अधिग्रहण के लिए कदम उठाना है।

*****